दिन– सोमवार दिनांक– 05 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

सर्वोच्च न्यायालय वक्फ, संशोधन अधिनियम – दो हजार पच्चीस की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ अब से थोड़ी देर बाद इस मामले की सुनवाई करेगी। पिछले महीने सत्रह तारीख को पीठ ने अपनी सुनवाई में स्पष्ट किया था कि आज की पोस्टिंग प्रारंभिक सुनवाई के लिए है। अगर जरूरत होती है तो अंतरिम आदेश पारित किए जाएंगे। पिछली सुनवाई में केन्द्र सरकार ने न्यायालय द्वारा कुछ चिंताए व्यक्त किए जाने के बाद संशोधन अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर रोक लगाने का निर्णय लिया था। केन्द्र ने आश्वस्त किया कि वक्फ–बाय–यूजर्स जमीन सहित पंजीकृत या अधिसूचित वक्फ जमीन प्रभावित नही होगी। केन्द्र ने केन्द्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में नियुक्ति नही करने का भी निर्णय लिया था।

————————————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दूसरे दिन एथलीट कबड्डी, पारंपरिक मार्शल आर्ट गतका  और सेपक टकरा में भाग ले रहे हैं। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए कबड्डी के पुरूषों के मैच में आंध्र प्रदेश ने एक रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ को पराजित किया। वहीं, एक अन्य मैच में बिहार ने गोवा पर जीत दर्ज की। महिलाओं की श्रेणी में, राजस्थान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ पर तैंतालीस–तैंतीस से जीत हासिल की। एक अन्य मैच में उत्तरप्रदेश ने तमिलनाडु को पराजित किया। वहीं, बेगूसराय में खेले गए फुटबॉल मैच में तमिलनाडु की महिला टीम ने बिहार को एक के मुकाबले दो गोल से पराजित कर दिया। इधर, गतका के महिलाओं के अंडर एटीन आयु वर्ग में मध्यप्रदेश की टीम ने छत्तीसगढ को पराजित किया। वहीं एक अन्य मैच में महाराष्ट्र की टीम ने जम्मू कश्मीर पर जीत हासिल की।

———————————————————————————————————

मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कल आयोजित नीट यूजी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में समस्तीपुर पुलिस ने एक डॉक्टर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एएसपी संजय पांडेय ने बताया कि बेगूसराय जेल में पदस्थापित डॉक्टर रंजीत कुमार की गिरफ्तारी हुई है। उसके पास से कई छात्रों के प्रवेश पत्र बरामद किए गए हैं।

———————————————————————————————————

पटना के बिक्रमगंज स्थित कृषि अनुसंधान केन्द्र द्वारा विकसित धान की किस्म सबौर प्रताप का बिहार समेत ग्यारह राज्यों में उत्पादन किया जायेगा। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉक्टर प्रकाश सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने धान के इस प्रभेद का विकास किया है। इस किस्म की विशेषता एक सौ तीस से एक सौ चालीस दिनों में सीमित सिंचाई में साठ से सत्तर क्विंटल प्रति हेक्टेयर की उत्पादन क्षमता है।

———————————————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनो के दौरान औसत तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी, उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————————————

पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जलपुरा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर दस लाख मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो लाख से अधिक की राशि भी बरामद की गई। इधर, अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

समाप्त